# विजयनगर जोनल कार्यालय में चल रहे कार्यों का नगर आयुक्त ने अधिकारियों सहित किया निरीक्षण

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने विजयनगर जोनल कार्यालय में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया।विजयनगर जोनल कार्यालय की बिल्डिंग में टैक्स विभाग के अलावा निर्माण विभाग, जलकल विभाग, स्वास्थ्य विभाग, प्रकाश विभाग, उद्यान विभाग सभी विभाग के अधिकारी के बैठने की व्यवस्था की गई है, जिसको तत्काल प्रभाव से शुरू करने के निर्देश नगर आयुक्त द्वारा वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों को दिए गए। आगंतुकों हेतु बैठने की व्यवस्था और शीतल पेयजल की व्यवस्था को तत्काल शुरू करने के लिए भी निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने जनगणना के कार्य में भी नए विजयनगर जोन कार्यालय का उपयोग करने के निर्देश दिए। मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी, प्रभारी नजारत डॉक्टर अनुज, कार्यदायी संस्था सीएनडीएस से रंजीत व विजयनगर जोनल प्रभारी श्वेता सिंह व अन्य उपस्थिति रहे। नगर आयुक्त ने निरिक्षण के साथ विजयनगर क्षेत्र के निवासियों की समस्याओं भी सुना, जिसमें सड़क निर्माण को प्रारंभ करने का समस्या प्राप्त हुई। आगंतुकों की समस्याओं पर तत्काल कार्य करने के निर्देश निर्माण विभाग को दिए गए। गली का निर्माण कार्य नियम अनुसार कार्यवाही करते हुए तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए। विजयनगर जोन कार्यालय में फर्नीचर का कार्य के साथ-साथ सीटिंग के कार्य को भी तेजी से करने के निर्देश दिए गए। 10 दिन में विजयनगर जोनल कार्यालय का शुभारंभ करने के आदेश दिए।



गाजियाबाद (शिखर समाचार)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने विजयनगर जोनल कार्यालय में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया।विजयनगर जोनल कार्यालय की बिल्डिंग में टैक्स विभाग के अलावा निर्माण विभाग, जलकल विभाग, स्वास्थ्य विभाग, प्रकाश विभाग, उद्यान विभाग सभी विभाग के अधिकारी के बैठने की व्यवस्था की गई है, जिसको तत्काल प्रभाव से शुरू करने के निर्देश नगर आयुक्त द्वारा वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों को दिए गए। आगंतुकों हेतु बैठने की व्यवस्था और शीतल पेयजल की व्यवस्था को तत्काल शुरू करने के लिए भी निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने जनगणना के कार्य में भी नए विजयनगर जोन कार्यालय का उपयोग करने के निर्देश दिए। मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी, प्रभारी नजारत डॉक्टर अनुज, कार्यदायी संस्था सीएनडीएस से रंजीत व विजयनगर जोनल प्रभारी श्वेता सिंह व अन्य उपस्थिति रहे। नगर आयुक्त ने निरिक्षण के साथ विजयनगर क्षेत्र के निवासियों की समस्याओं भी सुना, जिसमें सड़क निर्माण को प्रारंभ करने का समस्या प्राप्त हुई। आगंतुकों की समस्याओं पर तत्काल कार्य करने के निर्देश निर्माण विभाग को दिए गए। गली का निर्माण कार्य नियम अनुसार कार्यवाही करते हुए तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए गए। विजयनगर जोन कार्यालय में फर्नीचर का कार्य के साथ-साथ सीटिंग के कार्य को भी तेजी से करने के निर्देश दिए गए। 10 दिन में विजयनगर जोनल कार्यालय का शुभारंभ करने के आदेश दिए।

# स्काडा प्रणाली : नगर निगम नलकूपों का करेगा ऑटोमेटिक संचालन

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** हाईटेक टेक्नोलॉजी का प्रयोग करते हुए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक नगर निगम से जुड़ी सेवाओं को ऑटोमेटिक मोड पर लाने में लगे हुए हैं, जिससे उनकी मॉनिटरिंग भी आसानी से की जा सके। इंदिरापुरम और कविनगर जोन में लगे हुए बड़े एवं छोटे नलकूपों का संचालन व मॉनिटरिंग को हाईटेक किया जा रहा है। स्काडा प्रणाली से जलकल विभाग के लगे हुए 193 नलकूपों का संचालन सरल हो पाएगा। ऐसा करने से कार्य में तीव्रता भी आएगी और उपकरणों की सुरक्षा बनी रहेगी। स्काडा पद्धति से नलकूपों पर खर्च हो रही बिजली का भी हिसाब रखने में सरलता रहेगी। वोल्टेज अप डाउन होने पर मोटर या अन्य खराब होने में भी कमी आएगी। पानी नहीं आने और व्यर्थ में मोटर चलने का अलार्म भी सुपरवाइजर व टीम को तत्काल मिलेगा। ऑटोमेटिक नलकूप का बंद होना और शुरू होना स्काडा से सरल होगा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि स्काडा के माध्यम से नलकूपों का संचालन सरल और बेहतर होगा, जिसके लिए पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में निविदा आमंत्रित की जा चुकी है। शीघ्र ही जून के प्रथम सप्ताह में कविनगर और इंदिरापुरम क्षेत्र के नलकूपों को स्काडा पद्धति से जोड़ा जाएगा। इसके लिए आमंत्रित निविदा में तीन फार्मो ने प्रेजेंटेशन दिया है। प्रेजेंटेशन में अन्य शहरों में स्काडा के कार्यों को दर्शाया गया। बिजली की खपत पर भी विशेष ध्यान आधुनिक तकनीकी स्काडा के माध्यम से रखा जाएगा। अधिकारी मोबाइल पर ही नलकूपों की प्रतिदिन की रिपोर्ट देख सकेंगे और निर्धारित टाइमर पर नलकूप चालू एवं बंद होंगे। महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद ने बताया कि एएस इलेक्ट्रिकल्स, केएमबी इलेक्ट्रिकल्स, सर्वेश बिल्डर ने प्रेजेंटेशन दिया है। 20 से 40 एचपी के 113 नलकूप, 20 ल्ढ से कम के 80 नलकूप का संचालन प्रथम चरण में स्काडा प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा, जिसकी लागत 10 करोड़ 54 लाख लगभग आएगी।



# कार्यस्थल पर महिला यौन उत्पीड़न रोकने को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित, विदुर कुटी वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण

**बिजनौर (शिखर समाचार)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नगर पालिका परिषद चांदपुर में ह्लकार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निषेध, निवारण और प्रतितोष) अधिनियम-2013ह्व विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिलाओं को उनके अधिकारों एवं कानूनी संरक्षण की विस्तृत जानकारी दी गई।

शिविर की अध्यक्षता करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर की सचिव नैन्सी धुन्ना ने कहा कि इस अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं अनुकूल कार्यस्थल उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि कानून के अंतर्गत शिकायतकर्ता एवं उत्तरदाता दोनों की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाती है। यदि जांच समिति द्वारा शिकायत सही पाई जाती है तो आरोपी के विरुद्ध कड़ी विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की जाती है।



उन्होंने उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं से जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की स्थिति में कानूनी सहायता लेने की अपील की। शिविर में नायब तहसीलदार, स्थानीय महिलाएं, बालिकाएं एवं पराविधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

जागरूकता शिविर से लौटते समय सचिव नैन्सी धुन्ना ने दारानगर गंज स्थित विदुर कुटी वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रभारी मौके पर अनुपस्थित मिलीं। हालांकि वहां मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि वृद्धजनों के लिए रहने, भोजन, वस्त्र एवं बिस्तर की समुचित व्यवस्था उपलब्ध है।

सचिव ने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान वृद्धजनों ने किसी प्रकार की समस्या होने से इंकार किया।

# मेयर सुनीता दयाल ने किया शहर में करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** मेयर सुनीता दयाल ने शहर में विभिन्न स्थानों पर 16 करोड़ 61 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास किया।विजय नगर वार्ड 7 सुदामापुरी में विधायक संजीव शर्मा के साथ नारियल फोड़कर व पूजा अर्चना कर शिलान्यास किया गया, जिसमे पार्षद विनिल दत्त, पार्षद संतोष राणा, पार्षद भागवत गुप्ता, पार्षद सीमा यादव, पार्षद नितिन कुमार, पार्षद सुभाष चौधरी, पार्षद कुलदीप त्यागी, पार्षद शशि सिंह, पार्षद अमित त्यागी, पार्षद राज कुमार नागर, पार्षद रीमा गौतम, पार्षद हिमांशु चौधरी, पार्षद राजीव भाटी, पार्षद मुन्नी देवी, पार्षद विजय चौधरी, पार्षद शशि खेमका, मण्डल अध्यक्ष हेमराज माहौर, थान सिंह, राजेश पंडित, प्रदीप त्यागी, वीरेन्द्र आदि उपस्थित रहे। इन कार्यों के लिए लगातार क्षेत्रीय पार्षद व जनता मेयर से मिल रही थी। संबंधित अवर अभियंता से वार्ता कर एस्टीमेट तैयार कराकर 15वें वित्त की धनराशि से यह कार्य निविदा कराए गए और नारियल फोड़कर उनका शिलान्यास किया गया। शहर के लोगों को इन मूल सुविधाओं का लाभ मिलेगा, जिसके लिए स्थानीय लोगो व पार्षद ने मेयर व विधायक को धन्यवाद ज्ञापित किया। विधायक संजीव शर्मा ने बताया कि शहर में विकास के नारियल फोड़े जा रहे है। हमारी पार्टी विकास में कोई कमी नही छोड़ रही है और इस प्रकार हमारा गाजियाबाद शहर 2047 से पहले ही पूर्ण विकसित हो जाएगा। मेयर सुनीता दयाल ने बताया कि शहर में 16 करोड़ 61 लाख के विकास कार्यों को शुरू कराया गया है। शहर के हर कोने में चौमुखी विकास भी किया जा रहा है। शहर में कोई नाला व कोई सड़क ऐसी नही बचेगी, जिसमे गड्ढा हो। यह सब हमारी पार्टी की देन है। सरकार शहर के विकास के लिए लगातार धनराशि उपलब्ध करवा रही है, जिससे जनता की मूल सुविधाओं को धरातल पर समर्पित करने का कार्य किया जा रहा है।



# संदिग्ध परिस्थितियों में डीएलएफ के एक फ्लैट में मिले 2 शव, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजे



**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र के डीएलएफ इलाके में उस समय हड़कंप मच गई, जब पुलिस को एक फ्लैट के अंदर शव होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही डीएलएफ भगत सिंह चौक के पास बी-1 एस- 2 फ्लैट पर पुलिस पहुँची। पुलिस ने जैसे ही फ्लैट खोला तो उसमें से बहुत तेज दुर्गन्ध आने लगी। फ्लैट के अंदर 2 शव मौजूद थे। पुलिस ने तत्काल शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजे। पुलिस को देखकर स्थानीय लोगों भी एकत्रित हो गए और पुलिस ने सभी से पूछताछ शुरू की। डीसीपी धवल जायसवाल ने बताया कि शव की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। फ्लैट में 70 वर्षीय राकेश शर्मा और 60 वर्षीय नेम सिंह के शव मिले थे। शवों के ऊपर किसी भी तरह के चोट के निशान नहीं थे। उन्होंने बताया कि फ्लैट में यह दोनों अकेले रहते थे। राकेश शर्मा बेड पर ही रहा करते थे और भीम सिंह उनका केयरटेकर था। इसके अलावा राकेश शर्मा के किराए पर टेंपो चलते थे। शव देखने से प्रतीत हो रहा है कि इनकी नेचुरल डेथ हुई थी और लगभग 3 दिन पहले हुई थी। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और रिपोर्ट से मौत के कारण की पुष्टि होगी। पुलिस सभी पहलू पर जाँच कर रही है और आस पास के सीसीटीवी कैमरे भी चेक किए जा रहे है।

# डीआईजी ने किया बागपत पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण, व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के दिए निर्देश

**बागपत (शिखर समाचार)।** मेरठ परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक कलानिधि नैथानी ने शुक्रवार को पुलिस लाइन बागपत का वार्षिक निरीक्षण कर विभिन्न शाखाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस लाइन की परेड का निरीक्षण किया तथा टोलीवार ड्रिल कराकर पुलिसकर्मियों के अनुशासन, एकरूपता और कार्यकुशलता की परख की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय द्वारा वर्षभर में किए गए प्रयासों की सराहना भी की गई। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने परिवहन शाखा, यूपी-112, फील्ड यूनिट, क्वार्टर गार्ड, शस्त्रागार, जीपी स्टोर, आदेश कक्ष, डॉग स्क्वॉड, मैस और आदर्श बैरक सहित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने जहां भी कमियां पाईं, उन्हें तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। साथ ही फायर सर्विस, यूपी-112 और फील्ड यूनिट की टीमों को आपात स्थितियों से निपटने के लिए विशेष सुझाव दिए गए। परेड के दौरान पुलिसकर्मियों से मॉब कंट्रोल, यातायात नियंत्रण और अग्नि सुरक्षा संबंधी मॉक ड्रिल भी कराई गई। डीआईजी ने निर्देश दिए कि सभी पुलिस वाहनों में उच्च गुणवत्ता के हेलमेट, डंडा, बॉडी प्रोटेक्टर, लाउड हेलर, टॉर्च, रस्सा और बॉडी वॉर्न कैमरे अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस बल प्रभावी ढंग से कार्य कर सके। निरीक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सात पुलिसकर्मियों को सम्मानित भी किया गया। महिला उपनिरीक्षक शिलेष चौधरी को बेहतर कमांड के लिए, जबकि आरक्षी सतीश और आरक्षी रोहित यादव को उत्कृष्ट ड्रिल के लिए पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा यातायात पुलिस के आरक्षी जितेंद्र, आरक्षी पारस शर्मा, महिला आरक्षी कविता और महिला आरक्षी प्रिंसी को उच्चकोटि के टर्नआउट के लिए सम्मानित किया गया। ड्रिल के दौरान बेहतर टोली कमांड करने पर क्षेत्राधिकारी खेकड़ा रोहन चौरसिया की भी सराहना की गई। डीआईजी ने क्वार्टर गार्ड का निरीक्षण करते हुए आपातकालीन नंबरों की सूची अपडेट रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सूची में सभी स्थानीय थाना प्रभारियों, फायर सर्विस और अन्य आवश्यक विभागों के नंबर शामिल किए जाएं। जनपदीय कंट्रोल रूम, रेडियो शाखा और यूपी-112 के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया गया, ताकि किसी भी घटना या दुर्घटना की सूचना मिलने पर कम समय में प्रभावी प्रतिक्रिया दी जा सके। महिला अपराधों में पीआरवी और थाना पुलिस को संयुक्त रूप से त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। परिवहन शाखा के निरीक्षण के दौरान वाहनों के रखरखाव और तकनीकी दक्षता की समीक्षा की गई। डीआईजी ने सभी वाहनों को अद्यतन रखने और क्यूआरटी टीम में उच्च गुणवत्ता वाले वाहनों का उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं शस्त्रागार और जीपी स्टोर का निरीक्षण कर हथियारों और गोला-बारूद की साफ-सफाई एवं रखरखाव पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। उन्होंने पुलिस लाइन के आवासीय परिसर का भी निरीक्षण किया तथा वहां रह रहे परिवारों से साफ-सफाई, जल निकासी, बिजली-पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। मैस और बैरकों का निरीक्षण करते हुए पुलिसकर्मियों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने तथा बैरकों में स्वच्छता और अन्य सुविधाएं बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने निर्देश दिया कि रिजर्व पुलिसकर्मियों को चिन्हित कर शहर के विभिन्न स्थानों पर पिकेट ड्यूटी में लगाया जाए, जिससे कानून व्यवस्था को और मजबूत किया जा सके। साथ ही पुलिसकर्मियों की ड्यूटी बदल-बदलकर लगाने, अनुशासन और कल्याण पर समान रूप से ध्यान देने तथा बाबुओं के नियमित कार्यों की समीक्षा करने को कहा गया। कंट्रोल रूम के लैंडलाइन और सीयूजी नंबर सार्वजनिक करने के भी निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त उन्होंने नवनिर्मित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण किया और समस्त क्षेत्राधिकारियों को अपने-अपने सर्किल में तैनात सभी गार्डों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। वार्षिक निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार चौहान सहित सभी राजपत्रित अधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक और पुलिस लाइन के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।




## नशीला पदार्थ पिलाकर महिला से दुष्कर्म, वीडियो बनाकर वसूले 1.80 लाख, आरोपी गिरफ्तार

**बिजनौर (शिखर समाचार)।** स्योहारा थाना क्षेत्र में महिला के साथ दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग और लाखों रुपये की वसूली का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, 20 मई को कस्बा सहसपुर के मोहल्ला अफगान निवासी इमरान कथित रूप से साजिश के तहत महिला के घर में घुस आया। आरोप है कि उसने महिला को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। महिला के बेहोश होने पर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और पूरी घटना का मोबाइल से वीडियो बना लिया। पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद आरोपी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर उसे लगातार ब्लैकमेल करता रहा। बदनामी के डर से महिला ने आरोपी को अलग-अलग किश्तों में कुल 1 लाख 80 हजार रुपये दे दिए। महिला ने पुलिस को यह भी बताया कि आरोपी की मां और बहन ने भी कथित रूप से उसे धमकाने और दबाव बनाने में साथ दिया। लगातार मानसिक उत्पीड़न से परेशान होकर पीड़िता ने आखिरकार स्योहारा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी इमरान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा घटना में शामिल अन्य आरोपियों के विरुद्ध भी सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



## अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड जीत चुकी फिल्म 'अधूरा ख्वाब' में क्षेत्रीय गायकों को मिलेगा मौका

**बुढ़ाना/मुजफ्फरनगर (शिखर समाचार)** कस्बा निवासी तथा बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी के छोटे भाई फैजुद्दीन सिद्दीकी द्वारा साइड हीरो एंटरटेनमेंट के बैनर तले निर्मित फिल्म अधूरा ख्वाब जल्द ही बड़े पर्दे पर रिलीज होने जा रही है। फिल्म की अधिकांश शूटिंग बुढ़ाना और आसपास के क्षेत्रों में की गई है। फिल्म अधूरा ख्वाब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अब तक 35 फिल्म फेस्टिवल में अपनी पहचान बना चुकी है। फिल्म ने कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्जनों पुरस्कार अपने नाम किए हैं। फिल्म निमार्ता फैजुद्दीन सिद्दीकी ने बताया कि बड़े पर्दे पर रिलीज से पहले फिल्म में दो गीत और एक कव्वाली को शामिल किया गया है। इन गीतों और कव्वाली के लिए क्षेत्रीय गायकों को अवसर दिया जाएगा। क्षेत्र के इच्छुक गायकों की आवाज सुनकर तीन सर्वश्रेष्ठ गायकों का चयन किया जाएगा, जिन्हें रिकॉर्डिंग के लिए मुंबई भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि जून माह तक गीतों का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। फैजुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि उनका हमेशा प्रयास रहा है कि अपनी मिट्टी की प्रतिभाओं को बड़ा मंच मिल सके। क्षेत्र के युवाओं में अपार प्रतिभा है, उन्हें केवल सही मार्गदर्शन और अवसर की आवश्यकता है। उन्होंने जानकारी दी कि फिल्म अधूरा ख्वाब इसी वर्ष अगस्त माह में रिलीज की जाएगी।




## रोबोटिक सिस्टम से होगा यशोदा अस्पाताल नेहरू नगर में घुटने व कूल्हे का प्रत्यारोपण

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** यशोदा अस्पाताल एवं रिसर्च सेंटर नेहरू नगर में क्यूविस ऑथोर्पेडिक रोबोटिक-असिस्टेड सर्जिकल सिस्टम शुरू हो गया है। इसके साथ अस्पाताल ने अपनी घुटने एवं कूल्हे के प्रत्यारोपण सेवाओं को अधिक सशक्त किया है। उद्घाटन समारोह में यशोदा अस्पाताल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. दिनेश अरोड़ा एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. रजत अरोड़ा उपस्थित रहे। इस अवसर पर ऑथोर्पेडिक्स, घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण तथा ट्रॉमा सर्जरी विभाग की टीम भी मौजूद रही। ऑथोर्पेडिक टीम में डॉ. विपिन कुमार त्यागी, डॉ. अजय पंवार, डॉ. राहुल काकरन एवं डॉ. दिवास गुप्ता शामिल रहे। डॉ. दिनेश अरोड़ा ने कहा कि यह सिस्टम पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली-एनसीआर में उन्नत चिकित्सा तकनीक पहुँचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हमारा उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना है। डॉ. रजत अरोड़ा ने कहा कि यह तकनीक अधिक सटीकता और व्यक्तिगत उपचार के साथ बेहतर सर्जिकल परिणाम एवं शीघ्र रिकवरी में सहायक होगी। क्यूविस रोबोटिक सिस्टम ऑथोर्पेडिक सर्जरी में विशेषकर घुटने एवं कूल्हे के प्रत्यारोपण के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। 6-एक्सिस रोबोटिक आर्म, ट्रैकिंग सेंसर और ऑटोमैटिक कटिंग तकनीक के साथ यह सिस्टम सर्जरी में अधिक सटीकता प्रदान करता है और गलतियों की संभावना को न्यूनतम करता है।



## पुलिस लाइन में निशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित



**शामली ।(शिखर समाचार)** पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को पुलिस लाइन परिसर में पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों के लिए निशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों, महिला आरक्षियों एवं उनके परिवारजनों ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। शिविर में विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों एवं मेडिकल टीम द्वारा लोगों की आंखों की विस्तृत जांच की गई। जांच के दौरान दृष्टिदोष, आंखों में जलन, कमजोरी तथा अन्य नेत्र संबंधी समस्याओं से पीड़ित लोगों को आवश्यक चिकित्सीय परामर्श और दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। चिकित्सकों ने उपस्थित लोगों को आंखों की नियमित जांच कराने, संतुलित आहार लेने तथा दैनिक जीवन में आंखों की सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया। पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस शिविर का उद्देश्य पुलिस परिवार के सदस्यों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना रहा। अधिकारियों ने बताया कि पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारजनों के कल्याण के लिए समय-समय पर इस प्रकार के स्वास्थ्य एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### मोड़ पर बेकाबू होकर दीवार से टकराई कार, तीन युवकों की मौत



**मऊ, एजेंसी।** मऊ जिले के घोसी कोतवाली क्षेत्र में बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू कराया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। घटना रात करीब 11 बजे की बताई जा रही है। घोसी-नदवासराय मार्ग पर सरहरा जमीन सरहरा स्थित लेखपाल ट्रेनिंग सेंटर के पास एक तेज रफ्तार कार मोड़ पर अचानक बेकाबू हो गई और सड़क किनारे बनी दीवार से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। घोसी थाना प्रभारी परमेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों ने जांच के बाद रियाज अहमद (25) निवासी मिर्जा जमालपुर, रामाशीष यादव (28) निवासी लारपुर और राहुल (25) को मृत घोषित कर दिया। राहुल के पते की जानकारी अभी नहीं हो सकी है। वहीं मिर्जा जमालपुर निवासी आकाश यादव (25) गंभीर रूप से घायल है। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार चारों युवक आजमगढ़ की ओर से आ रहे थे। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और मोड़ पर नियंत्रण खोना हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को सूचना दे दी गई है। हादसे के बाद मृतकों के घरों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### 10 वेटलैंड के दम पर पहला हरित शहर बनेगा अलीगढ़

**अलीगढ़, एजेंसी।** तपते शहरों में नष्ट होते प्राकृतिक कूलिंग सिस्टम को बचाने के लिए सरकार ने वेटलैंड को बढ़ावा देना शुरू कर दिया है। इसी के तहत 10 वेटलैंड के दम पर अलीगढ़ पहला हरित शहर बनेगा। हाल ही में शेखाझील को रामसर साइट घोषित किया गया। अब तीन नए वेटलैंड के लिए प्रदेश सरकार ने अधिसूचना जारी की है। इनके अलावा, तीन और वेटलैंड क्षेत्रों का सैटेलाइट सर्वे हुआ है। इसके बाद तीन और जगहों का सर्वे करने की तैयारी है। इस तरह आगामी दिनों में जिले में कुल 10 वेटलैंड होंगे। अभी तक प्रदेश के किसी भी जिले में इतनी संख्या में वेटलैंड नहीं है। बीती दो अप्रैल को राज्य सरकार ने अतरौली ब्लॉक के गांव सिसई, प्रेमनगर धुर्रावास और बिजौली ब्लॉक के गांव सिकरी के वेटलैंड की अधिसूचना जारी की है। इस पर आपत्ति एवं सुझाव के लिए 60 दिन का समय भी निर्धारित किया है। इसके बाद इन्हें आधिकारिक रूप से वेटलैंड घोषित किया जाएगा। इधर, कोल तहसील के दभी गांव, गभाना क्षेत्र के सुमेरा-दरियापुर और दाऊपुर गांव के वेटलैंड का प्राइमरी सैटेलाइट सर्वे हो चुका है। अब जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली वेटलैंड समिति इन क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण करेगी। समिति में वन, सिंचाई, कृषि और मत्स्य विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। निरीक्षण के बाद इन्हें भी नोटिफिकेशन प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। इनके अलावा, वन विभाग तीन और वेटलैंड को सूची में शामिल कराने की तैयारी कर रहा है। इनमें अकराबाद ब्लॉक का अमामादपुर, दभादभी और विजयगढ़ क्षेत्र का वरहद वेटलैंड शामिल हैं। इस तरह आगामी दिनों में रामसर साइट शेखाझील समेत जिले में कुल 10 वेटलैंड हो जाएंगे। एएमयू के भूगोल विभाग के प्रो. अतीक अहमद कहते हैं वेटलैंड किसी भी शहर के लिए प्राकृतिक तापमान नियंत्रक की तरह काम करते हैं। जहां जल क्षेत्र और हरियाली अधिक होती है, वहां तापमान अपेक्षाकृत कम रहता है। इसके विपरीत जिन शहरों में तालाब और वेटलैंड खत्म हुए, वहां अर्बन हीट आइलैंड की स्थिति तेजी से बढ़ी है। आने वाले वर्षों में शहरों के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल प्रदूषण नहीं, बल्कि बढ़ती गर्मी होगी। जिस तेजी से कंक्रीट का दायरा बढ़ रहा है, उससे शहर प्राकृतिक तापमान संतुलन खोते जा रहे हैं। ऐसे में वेटलैंड और जल स्रोत ही राहत देने का सबसे प्रभावी माध्यम बन सकते हैं। अलीगढ़ जैसे तेजी से फैलते शहर में यदि अभी से जल स्रोतों और वेटलैंड को संरक्षित नहीं किया गया तो आने वाले वर्षों में यहां गर्मी और जल संकट दोनों गंभीर रूप ले सकते हैं। लगातार बढ़ती वार्म नाइट यानी गर्म रातों की स्थिति इसी बदलाव का संकेत है।

### ग्रीष्मावकाश में दूसरे महाविद्यालयों की परीक्षाएं कराने से इन्कार,

# बरेली कॉलेज ने खड़े किए हाथ

**बरेली, एजेंसी।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय और बरेली कॉलेज के बीच परीक्षाओं और गर्मी की छुट्टियों को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई है। विश्वविद्यालय की ओर से 25 मई से ग्रीष्मावकाश (गर्मी की छुट्टियां) घोषित होने के बाद बरेली कॉलेज के प्राचार्य ने इस दौरान बाहरी महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं की परीक्षा अपने यहां संपन्न कराने में असमर्थता जताई है।

बरेली कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश राय की ओर से परीक्षा नियंत्रक को लिखे गए पत्र के अनुसार, कॉलेज केंद्र पर 16 अप्रैल से विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं। ये जून के तीसरे सप्ताह तक चलने की संभावना है। 22 मई से विधि सम सेमेस्टर की परीक्षाएं भी शुरू होने जा रही हैं। इसके लिए विश्वविद्यालय ने अन्य बाहरी महाविद्यालयों का परीक्षा केंद्र भी बरेली कॉलेज को बना दिया है। इन परीक्षाओं को कराने में कॉलेज के सभी शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारी लगातार ड्यूटी कर रहे हैं।

**25 मई से ग्रीष्मावकाश घोषित :** प्राचार्य ने पत्र में स्पष्ट किया है कि चूंकि विश्वविद्यालय की ओर 25 मई से ग्रीष्मावकाश घोषित कर दिया गया है, इसलिए कॉलेज के प्राध्यापक भी छुट्टी पर चले जाएंगे। ऐसी स्थिति में जनशक्ति की कमी हो जाएगी और परीक्षाओं को सुचारु रूप से कराना बेहद मुश्किल होगा। उन्होंने साफ कहा है कि



ग्रीष्मावकाश के दौरान बरेली कॉलेज केवल अपने ही नियमित छात्र-छात्राओं की परीक्षाएं संपन्न करा पाएगा।

जिन बाहरी महाविद्यालयों का परीक्षा केंद्र बरेली कॉलेज को बनाया गया है, उनकी परीक्षाएं कराना संभव नहीं होगा। प्राचार्य ने विश्वविद्यालय प्रशासन से अनुरोध किया है कि वे इस संबंध में आवश्यक कदम उठाएं और बाहरी छात्रों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करें।

**कुलपति का आदेश :** हालांकि, महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति के आदेश के मुताबिक ग्रीष्मावकाश की अवधि में प्रवेश प्रक्रिया, पहले से चल रहीं परीक्षाएं, मूल्यांकन और अन्य आवश्यक कार्य पूर्व निर्धारित समय सारिणी के अनुसार जारी रहेंगे। जो शिक्षक इस छुट्टी के दौरान परीक्षा या शैक्षणिक कार्यों में अपना योगदान देंगे, उन्हें इसके बदले नियमानुसार प्रतिकर अवकाश दिया जाएगा, जिसे प्राचार्य स्तर पर समायोजित किया जा सकेगा।

चक्कर लगाकर गर्मी में हुआ परेशान

मैनपुरी से आए योगेश कर्दम ने बताया कि पेट रोग की परेशानी है। महीने भर की दवा लेकर जाता हूं। बाग फरजाना, फव्वारा गया, लेकिन हड़ताल के कारण दवा नहीं मिल पाई। गर्मी से बुरा हाल हो गया।

**दो संगठनों का विरोध, खोले मेडिकल स्टोर :** आगरा महानगर केमिस्ट एसोसिएशन और आगरा रिटेल केमिस्ट एसोसिएशन ने हड़ताल का विरोध किया। इसके चलते इनके सदस्यों ने मेडिकल स्टोर संचालित किए। इससे मरीजों को राहत मिली। इसकी जानकारी पर कई मरीज इन स्टोरों पर जाकर दवाएं भी खरीदीं। आगरा रिटेल केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष ब्रह्मभट्ट, संस्थापक श्याम तिवारी, महामंत्री राजीव शर्मा, सतीश पाठक और कपिल बंसल ने बताया कि हमारे 1,400 सदस्य हैं, इन्होंने अपने प्रतिष्ठान खोले, जिन पर भीड़ लगी रही। आगरा महानगर केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष शर्मा, संस्थापक गिरधारी लाल भग्त्यानी, चेयरमैन संजय चौरसिया, संरक्षक कपूर चंद अग्रवाल, प्रमोद गुप्ता और चंद्रप्रकाश पाहुजा ने बताया कि मरीजों के हित के लिए हड़ताल का बहिष्कार करते हुए संगठन के सदस्यों ने स्टोर खोले।

## हथियार से लैस होकर कार से आए थे बदमाश, एक युवक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

**आजमगढ़, एजेंसी।** आजमगढ़ जिले के मुबारकपुर थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव में बुधवार देर रात हुई ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। चार पहिया वाहन से जा रहे दो युवकों पर अज्ञात बदमाशों ने अचानक हमला कर दिया। बदमाशों ने युवकों को निशाना बनाते हुए कई राउंड फायरिंग की, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया गया। चिकित्सकों ने उपचार के दौरान एक युवक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे युवक का इलाज चल रहा है। घायल युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतक के परिजनों में घटना के बाद कोहराम मचा हुआ है। गांव में दहशत और तनाव का माहौल बना हुआ है।

सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद एसपी अस्पताल पहुंचे और घायल युवक से घटना के संबंध में जानकारी ली। पुलिस ने घटनास्थल से कई अहम साक्ष्य जुटाए हैं। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके।

पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि घटना के शीघ्र खुलासे के लिए कई पुलिस टीमें गठित की गई हैं। सर्विलांस और एसओजी टीम को भी जांच में लगाया गया है। पुलिस पुरानी रंजिश, आपसी विवाद और अन्य संभावित कारणों को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा कर लिया जाएगा।

## लखनऊ एक्सप्रेसवे पर दौड़ती कार बनी आग का गोला, कूदकर बचाई लोगों ने जान

**आगरा एजेंसी।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बृहस्पतिवार सुबह टोल प्लाजा 21 के पास चलती कार अचानक आग का गोला बन गई। कार सवार चार लोगों ने समय रहते कूदकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद एक्सप्रेसवे पर अफरा-तफरी मच गई।




पुलिस के मुताबिक नारायण दास जी महाराज निवासी वृंदावन तीन अन्य लोगों के साथ कार से मथुरा से लखनऊ की ओर जा रहे थे। सुबह करीब 7:20 बजे जैसे ही उनकी कार फतेहाबाद स्थित टोल प्लाजा 21 पर पहुंची, तभी अचानक कार में आग लग गई। आग की लपटें उठते देख कार सवार तुरंत बाहर निकल आए।

सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी।वही कार में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। इंस्पेक्टर क्राइम राजवीर सिंह ने बताया कि कार में आग लगने की घटना हुई थी। सभी कार सवार सुरक्षित हैं। प्रथम दृष्टया आग शॉर्ट सर्किट से लगना प्रतीत हो रहा है।

# ग्रेटर आगरा में प्लॉटों की कीमत हुई तय, एडीए की सीमा में शामिल होंगे 98 नए गांव

**आगरा, एजेंसी।** आगरा विकास प्राधिकरण की 152वीं बोर्ड बैठक में बुधवार को ग्रेटर आगरा और जूता मंडी में भूमि की दरों पर मुहर लगाई गई। ग्रेटर आगरा में आवासीय भूखंड 33 हजार रुपये और जूता मंडी में भूतल पर 78 हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से मिल सकेंगे। इसके अलावा एडीए की सीमा में 98 नए गांवों को भी शामिल किया जाने का फैसला हुआ।

मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप की अध्यक्षता में एडीए बोर्ड बैठक में बुधवार को कई अहम फैसले हुए। ग्रेटर आगरा और जूता मंडी के अलावा ताजनगरी फेज-2 के जर्जर ईडब्ल्यूएस आवासों को गिराने और आवंटियों को दूसरी जगह शिफ्ट करने का निर्णय



हुआ। वहीं, इनर रिंग रोड के टोल प्लाजा को मानसून से पहले चालू करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में शहर के विकास, सीमा विस्तार और नई योजनाओं को लेकर कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास हो गए।

### बैठक में हुए यह निर्णय.....

ग्राम रायपुर-रहनकलां में प्रस्तावित ग्रेटर आगरा योजना में आवासीय भूखंड (प्लॉट) की दर 33 हजार रुपये प्रति वर्गमीटर होगी। वहीं, ग्रुप हाउसिंग के लिए यह दर आवासीय से डेढ़ गुना लगभग 50 हजार और व्यावसायिक भूखंडों के लिए 66 हजार रुपये वर्ग मीटर होगी। सार्वजनिक सुविधाओं वाले भूखंड आवासीय दर पर ही मिलेंगे।

ताजनगरी फेज-2 में प्राधिकरण द्वारा बनाए गए दुर्बल आय वर्ग के भवनों को गिराया जाएगा। आईआईटी रुड़की और पीडब्ल्यूडी की जांच में इन भवनों को जर्जर और खतरनाक घोषित किया गया है। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए हैं कि यहां रहने वाले आवंटियों की सहमति लेकर उन्हें दूसरी जगह शिफ्ट किया जाए और उसके बाद इन जर्जर इमारतों को ध्वस्त कर यहां नई प्लानिंग की जाए।

# फार्मा एसोसिएशन की हड़ताल से 60 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ चौपट, दवा न मिलने से लोग रहे परेशान

**आगरा, एजेंसी।** आगरा फार्मा एसोसिएशन की एक दिन की हड़ताल से 60 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। शहर और देहात में थोक और फुटकर मेडिकल स्टोर बंद रहे। यहां से दूसरे जिलों के मेडिकल स्टोर भी दवाएं खरीदकर ले जाते हैं।

जिले में करीब 8,100 दवा विक्रेता हैं। इसमें 5,100 रिटेल और 3,000 थोक दवा विक्रेता हैं। औसतन एक दिन में 60 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार होता है। इसमें दैनिक मरीजों के अलावा दूसरे जिलों के फुटकर विक्रेता भी दवाएं खरीदकर ले जाते हैं। अध्यक्ष अनूप बंसल ने बताया कि औसतन एक दिन में 60 करोड़ रुपये का कारोबार होता है। हड़ताल से कारोबार प्रभावित हुआ है। करीब थोक व फुटकर के करीब छह हजार से अधिक प्रतिष्ठान बंद रहे। सहायक आयुक्त औषधि अतुल उपाध्याय ने बताया कि जिले में 8,100 दवा विक्रेता हैं। टीम बाजार में सक्रिय रही। इसकी रिपोर्ट बनाकर शासन को भेज दिया है।




### ये बोले मरीजः

#### पर्चा लेकर दवा को भटकता रहा

एटा के रहने वाले महेश चंद ने बताया कि यमुनापार में हड्डी रोग के डॉक्टर को दिखाया, दवा लेने के लिए ट्रांस यमुना-रामबाग गया, लेकिन मेडिकल स्टोर बंद थे। अगले दिन आने के लिए कहा।

#### बच्चे की नहीं मिली दवा

शाहगंज निवासी नूर मोहम्मद ने कहा कि बच्चे की दवा लेने के लिए आए थे, लेकिन मेडिकल स्टोर बंद मिले। कई जगह देखा, लेकिन हड़ताल के कारण दवा नहीं मिल पाई। लौटना पड़ा। फिरोजाबाद निवासी अनूप कुमार का कहना है कि पिता की दवा नहीं मिल सकी- पिताजी को सांस की बीमारी है। पर्चा लेकर फव्वारा आया, यहां मेडिकल स्टोर बंद थे। लोगों ने बताया कि हड़ताल है, बृहस्पतिवार को आना।

## दुष्कर्म के बाद बालक की हत्या करने वाले दो दोषियों को उम्रकैद, कोर्ट ने जुर्माना भी लगाया

**बरेली, एजेंसी।** बरेली के स्पेशल जज एससी-एसटी एक्ट अभय श्रीवास्तव ने बुधवार को 11 साल के बालक के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या के दोषी इज्जतनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशन श्रीवास्तव और हिमांशु शर्मा को उम्रकैद की सजा सुनाई है। उन पर 65-65 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।



इज्जतनगर थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका 11 साल का बेटा घर के बाहर खेल रहा था। गांव के ही किशन श्रीवास्तव और हिमांशु शर्मा ने उसके बेटे को 50 रुपये देने का लालच देकर दुष्कर्म किया। बेटे ने रुपये मांगे तो दोनों ने इन्कार कर दिया।

**भेद खुलने के डर से की थी हत्या :** बेटे ने इस बारे में सभी को बता देने की बात कही। भेद खुलने के डर से किशन और हिमांशु ने रस्सी से गला घोंटकर उसके बेटे की हत्या कर दी और शव गन्ने के खेत में छिपा दिया। विवेचना के बाद पुलिस ने अपहरण, एससी-एसटी एक्ट और हत्या की धाराओं में चार्जशीट दाखिल कर दी।

सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से नौ गवाह पेश किए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने किशन और हिमांशु को अपहरण, एससी-एसटी एक्ट, हत्या और साक्ष्य मिटाने के आरोपों में दोषी करार देते हुए कैद व जुर्माने की सजा सुनाई है।

**पॉक्सो और एससी-एसटी एक्ट के दोषी को उम्रकैद :** बरेली के स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट हेमेंद्र कुमार सिंह ने पॉक्सो और एससी-एसटी एक्ट के दोषी सिरौली थाना क्षेत्र के एक गांव के निवासी खुशीराम को आजीवन कारावास और 45 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। कोर्ट ने बुधवार को यह फैसला सुनाया। सिरौली थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके बेटे बाहर रहकर नौकरी करते हैं। गांव के घर में वह उसकी पत्नी और नाबालिग बेटी रहती है। एक दिसंबर 2021 की शाम सात बजे बेटी घर में अकेली थी।

मौका पाकर गांव का ही खुशीराम घर में घुस आया। वह बेटी को घर से उठाकर ले गया और जंगल में उसके साथ दुष्कर्म किया।

# सीएम योगी बोले- विभाग व ठेकेदारों की गलती के लिए जनप्रतिनिधि जिम्मेदार नहीं, पीडब्ल्यूडी को सख्त चेतावनी

### मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग की वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की

**लखनऊ, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक निर्माण विभाग की कार्यशैली पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि विभागीय कमियों या ठेकेदारों की गलतियों की जिम्मेदारी जनप्रतिनिधियों पर नहीं डाली जा सकती। विकास कार्यों की गुणवत्ता और तय समय में उन्हें पूरा कराना विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को लोक निर्माण विभाग की वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। बैठक में सभी जिलाधिकारी, मंत्री और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सीएम ने निर्देश दिए कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और मानकों से



कोई समझौता न किया जाए।

प्रत्येक जिले से स्थानीय जरूरतों के अनुसार प्रस्ताव तैयार कर एक सप्ताह के भीतर शासन को भेजे जाएं। जून के पहले सप्ताह में कार्ययोजना को मंजूरी दे दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर योजनाओं को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए।

योगी ने कहा कि परियोजनाओं में अपनी पसंद से चयन (पिक एंड चूज) करने वाली प्रवृत्ति नहीं होनी चाहिए। हर परियोजना के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए और पिछले वर्ष स्वीकृत योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट समय से शासन को भेजी जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि लोक निर्माण विभाग हर जिले में टीम भेजकर विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कराए।

बैठक के दौरान प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी अजय चौहान ने विस्तृत प्रस्तुतीकरण भी दिया। इसमें बताया गया कि वित्त वर्ष 2026-2027 के लिए अब तक 30000 से अधिक प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी प्रस्तावों को समय से धरातल पर उतारा जाए।

इस अवसर पर केंद्रीय पशुपालन और डेयरी राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल, प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री अरुण कुमार सक्सेना, लोक निर्माण राज्यमंत्री ब्रजेश सिंह भी मौजूद रहे।

### हर ब्लॉक में बनाएं हेलीपैड

मुख्यमंत्री ने कहा कि इमरजेंसी सेवाओं को ध्यान में रखते हुए हर ब्लॉक, तहसील और जिला मुख्यालय के पास हेलीपैड बनाए जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि इनके रखरखाव की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग ले। इनके प्रयोग के लिए निर्धारित शुल्क व्यवस्था भी की जाए।

### तारकोल की जगह सीसी रोड पर बढ़ेगा जोर

मुख्यमंत्री ने ईंधन और बिटुमिन (तारकोल) की उपलब्धता पर पड़ रहे प्रभाव का जिक्र करते हुए लोक निर्माण विभाग को तकनीकी नवाचार अपनाने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि दो किलोमीटर तक के ग्रामीण मार्गों पर सीसी रोड का निर्माण कराया जाए। बिटुमिन की खपत कम करने के लिए सीमेंट ट्रीटेड बेस तकनीक को प्राथमिकता से अपनाया जाए। नगर विकास विभाग की सीएम ग्रिड योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह शहरी कनेक्टिविटी को मजबूत करने की महत्वपूर्ण पहल है, लेकिन इसकी गति बढ़ाने की आवश्यकता है। प्रदेश के प्रत्येक मोहल्ले और कॉलोनी तक बेहतर सड़क बने।

## सिर के अंदर हड्डी को तोड़ते हुए पार निकल गई गोली

**अलीगढ़, एजेंसी।** थाना क्वार्सी क्षेत्र में अवैध तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या करने वाले हेड कांस्टेबल अनिल कुमार के बेटे विशेष कुमार के शव का पोस्टमार्टम किया गया तो सिर में गोली फंसी हुई नहीं मिली। पाया गया कि दाईं ओर से मारी गई गोली सिर के अंदर की हड्डी को तोड़ती हुई और अंदर के हिस्से को फाड़ती हुई बाईं ओर आरपार निकल गई। शव के एक्सरे में भी गोली फंसी नहीं पाई गई। शॉकवेव, अत्यधिक ब्लीडिंग और प्रेशर की वजह से पूरा सेंट्रल नर्वस सिस्टम तुरंत ठप हो गया। चिकित्सक मानते हैं कि तड़पने का भी मौका नहीं मिला होगा और तुरंत मौत हो गई। पोस्टमार्टम के दौरान पाया गया कि गोली खोपड़ी को तोड़कर दिमाग के आर-पार निकली तो अपने पीछे तबाही का एक रास्ता छोड़ गई। दिमाग के भीतर कई तरह के गंभीर डैमेज होने से ही तत्काल मृत्यु हो गई। गोली ने अपने आकार और गति से दिमाग के ऊतकों को चीरा और आगे बढ़ते हुए परमानेंट कैविटी तैयार कर दी।

# यीडा में 17 उद्योगों को भूमि आवंटन पत्र, ₹5,800 करोड़ निवेश से 10 हजार से अधिक रोजगार के अवसर

**ग्रेटर नोएडा (शिखर समाचार)।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में औद्योगिक विकास को नई गति देते हुए विभिन्न क्षेत्रों की 17 कंपनियों को भूमि आवंटन पत्र (लेटर ऑफ अलॉटमेंट) जारी किए गए। इन आवंटनों के माध्यम से क्षेत्र में लगभग ₹5,800 करोड़ से अधिक निवेश आने तथा 10,000 से अधिक रोजगार अवसर सृजित होने की संभावना है।






आवंटन प्राप्त करने वाली प्रमुख कंपनियों में सीईएससी ग्रीन पावर लिमिटेड शामिल है, जो लगभग ₹3,805 करोड़ के निवेश से 3 गीगावाट क्षमता की सोलर सेल एवं मॉड्यूल निर्माण इकाई स्थापित करेगी, जिससे करीब 5,000 लोगों को रोजगार मिलेगा। वहीं इंटीग्रेटेड बैटरीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड लगभग ₹1,146 करोड़ के निवेश से 4 गीगावाट क्षमता की उन्नत बैटरी सेल निर्माण इकाई स्थापित करेगी। इसके अलावा आईटी/आईटीईएस, इलेक्ट्रॉनिक्स, विद्युत उपकरण, डेटा प्रोसेसिंग, रेडीमेड गारमेंट्स, रेलवे सिग्नलिंग उत्पाद, स्मार्ट एनर्जी मीटर तथा अन्य विनिर्माण क्षेत्रों की कई कंपनियों को भी औद्योगिक भूखंड आवंटित किए गए हैं।

यीडा क्षेत्र में विकसित हो रहा नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (जेवर) औद्योगिक निवेश का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। प्राधिकरण के अनुसार अब तक 136 औद्योगिक इकाइयों को भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं, जिनसे ₹30,885 करोड़ निवेश तथा 45,907 रोजगार सृजित होने का अनुमान है।

यीडा में सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, मेडिकल डिवाइस, डेटा सेंटर, टॉय पार्क और अपैरल पार्क जैसी परियोजनाओं के विकास के साथ क्षेत्र उत्तर भारत के प्रमुख औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स हब के रूप में तेजी से उभर रहा है। बेहतर कनेक्टिविटी, विश्वस्तरीय अवसंरचना और निवेश अनुकूल वातावरण के कारण यह क्षेत्र देश-विदेश के निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

## व्यापारिक समस्याओं के समाधान को लेकर जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक आयोजित



**ग्रेटर नोएडा (शिखर समाचार)।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकास भवन सभागार में जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के व्यापारिक वातावरण को अधिक सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के साथ व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अतिक्रमण, यातायात जाम, पार्किंग व्यवस्था, सड़कों की खराब स्थिति तथा जीएसटी से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। व्यापारियों ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा, दादरी और आसपास के बाजार क्षेत्रों की स्थानीय समस्याओं से भी प्रशासन को अवगत कराया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाजार क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाए और यातायात व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाया जाए, ताकि व्यापारियों और आम नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ व्यापारिक हितों को प्राथमिकता देते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही व्यापारियों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने पर भी जोर दिया, जिससे समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

बैठक का संचालन संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) योगेश कुमार विजय तथा उप आयुक्त प्रशासन, राज्य कर विभाग अजित कुमार सिंह ने किया। इस दौरान जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, प्राधिकरण और विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जिला कारागार में विधिक सहायता व्यवस्थाओं का निरीक्षण, महिला बंदियों को दी गई कानूनी जानकारी

**ग्रेटर नोएडा (शिखर समाचार)।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशन तथा जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतमबुद्धनगर के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवानी रावत ने शुक्रवार को जिला कारागार गौतमबुद्धनगर में स्थापित विधिक सहायता केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान महिला बंदियों के लिए विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया। निरीक्षण के समय जेल अधीक्षक ब्रजेश कुमार और उप जेलर सुरजीत सिंह मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि जिला कारागार गौतमबुद्धनगर में वर्तमान में 2432 बंदी निरुद्ध हैं। सचिव ने महिला बैरक का निरीक्षण कर महिला बंदियों से उनके मुकदमों की स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा मुकदमों से संबंधित अभिलेखों और कार्डों का अवलोकन किया। शिविर में बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता, अधिवक्ताओं की उपलब्धता तथा कानूनी अधिकारों के संबंध में जानकारी दी गई। महिला



बंदियों ने बताया कि उन्हें निजी अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से अधिवक्ता उपलब्ध कराए गए हैं। इस पर सचिव ने जेल प्रशासन को निर्देश दिए कि महिला बंदियों के मुकदमों से संबंधित कार्डों पर अधिवक्ताओं के नाम स्पष्ट रूप से अंकित किए जाएं। साथ ही महिला बैरक में साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त जिला कारागार में संचालित विधिक सहायता केंद्र का निरीक्षण कर बंदी पीएलवी द्वारा अन्य बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही कानूनी सहायता की समीक्षा की गई। पीएलवी द्वारा संधारित रजिस्टरों और अभिलेखों के रखरखाव को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। जेल प्रशासन को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि प्रत्येक बंदी को समयबद्ध रूप से विधिक सहायता उपलब्ध हो तथा कोई भी बंदी बिना अधिवक्ता के न रहे। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त निर्देशों के तहत जिला कारागार में बंदियों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुलाकाती स्थल पर जल्द ही हेल्प डेस्क प्रारंभ किया जाएगा। इस हेल्प डेस्क के माध्यम से बंदियों के परिजन विधिक सलाह और विभिन्न कानूनी सेवाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

## ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, 329 मरीजों ने उठाया लाभ

**शामली (शिखर समाचार)** ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल में शुक्रवार को बदलते मौसम और बढ़ती बीमारियों को देखते हुए निशुल्क कैल्शियम, ब्लड एवं एक्सरे जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे, जहां करीब 329 मरीजों की जांच कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं उपचार दिया गया। शिविर का शुभारंभ प्रमुख समाजसेवी एवं हॉस्पिटल के डायरेक्टर कुशांक चौहान ने फीता काटकर किया। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम में शामिल डॉ. अक्षय कुमार एवं डॉ. रीतु मलिक ने मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक चिकित्सीय सलाह दी। कुशांक चौहान ने बताया कि सामान्यतः 1500 रुपये में होने वाली हड्डियों में कैल्शियम की जांच शिविर में निशुल्क की गई। उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी के कारण लोगों में हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ रहा है, इसलिए सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने, अधिक मात्रा में पानी पीने तथा हल्का एवं पौष्टिक भोजन करने की अपील की। साथ ही मरीजों को मौसम जनित बीमारियों से बचाव के प्रति भी जागरूक किया गया। शिविर में विशाल कुमार, अजय कुमार, सुरेंद्र चौहान, इफरा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा, मिलावट मिलने पर सख्त कार्रवाई के निर्देश



**हापुड़ (शिखर समाचार)।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनपद की दुकानों, होटलों, डेयरियों तथा खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के लाइसेंसों की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि मिठाई, दूध, खोवा, तेल, मसाले और पनीर आदि खाद्य पदार्थों के नमूने नियमित रूप से लेकर उनकी जांच कराई जाए, ताकि आम लोगों को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही भोजन तैयार करने वाले रसोईघर, बिक्री काउंटर तथा भंडारण स्थलों की साफ-सफाई और स्वच्छता मानकों का भी निरीक्षण किए जाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में स्पष्ट किया गया कि यदि किसी भी प्रतिष्ठान में खाद्य पदार्थों में मिलावट पाई जाती है तो संबंधित प्रतिष्ठान का लाइसेंस निलंबित अथवा निरस्त किया जाएगा। साथ ही दुकान को सील करने और संबंधित संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने जैसी कड़ी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।

## जिले में विद्युत कटौती से जनता, व्यापारी व किसान प्रभावित, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**हापुड़ (शिखर समाचार)।** शुक्रवार को पश्चिम उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल जिला इकाई द्वारा जनपद में लगातार हो रही बिजली कटौती, लो-वोल्टेज, ट्रिपिंग, ओवरलोड ट्रांसफार्मरों एवं खराब विद्युत व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर सदर एसडीएम इला प्रकाश को ज्ञापन सौंपा गया। व्यापारियों ने ज्ञापन में कहा कि प्रत्येक वर्ष गर्मी के मौसम में जनपद हापुड़ की जनता, व्यापारी, किसान एवं विद्यार्थी बिजली संकट से प्रभावित होते हैं। अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज तथा बार-बार ट्रिपिंग की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे आम जनजीवन और व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष संजय कुमार डावर ने कहा कि जनपद में विद्युत व्यवस्था सुधार हेतु विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाइन सुधार, ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि, पोल परिवर्तन एवं वितरण व्यवस्था सुदृढ़ीकरण जैसे कार्य किए गए हैं। इन कार्यों पर लगभग 141 करोड़ रुपये व्यय होने की जानकारी सामने आई है। इसके बावजूद यदि जनता आज भी बिजली कटौती, ओवरलोड ट्रांसफार्मरों और कमजोर विद्युत व्यवस्था से जूझ रही है, तो इन कार्यों की निष्पक्ष समीक्षा कर रिपोर्ट सार्वजनिक की जानी चाहिए। जिला महामंत्री दीपक बंसल ने अघोषित बिजली कटौती बंद करने, ओवरलोड क्षेत्रों में उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाने, जर्जर लाइनें एवं पोल बदलने, सभी फीडरों और ट्रांसफार्मरों की तकनीकी जांच कराने तथा स्थायी समाधान लागू करने की मांग की। इस अवसर पर विजय शर्मा प्रदेश मंत्री, जिला उपाध्यक्ष मोहित अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष ऋषभ गर्ग, गौरव गोयल नगर अध्यक्ष, जिला संगठन मंत्री राजेश नारंग, अमन चुग, नितिन गर्ग, शशांक अग्रवाल, प्रदीप गर्ग, अंकुर जिंदल सहित अन्य पदाधिकारी एवं व्यापारी मौजूद रहे।

## वेतन न मिलने से बिफरे संविदा स्वास्थ्य कर्मी, दूसरे दिन भी हड़ताल जारी

**नगीना/बिजनौर (शिखर समाचार)।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों का गुस्सा अब खुलकर सामने आ गया है। बकाया मानदेय भुगतान की मांग को लेकर शुरू हुई उनकी अनिश्चितकालीन हड़ताल शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रही। ह्लवेतन नहीं तो काम नहींह्व के नारों के बीच सीएचसी नगीना और पीएचसी कोतवाली ब्लॉक के संविदा डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य गेट पर धरने पर बैठे रहे। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. विशाल कुमार और जिला मंत्री गगन कुमार शर्मा ने बताया कि मार्च और अप्रैल माह के बकाया मानदेय के भुगतान की मांग को लेकर 14 मई को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर को ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस



कार्रवाई नहीं की गई। आंदोलनकारी स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि लगातार दो महीने से वेतन न मिलने के कारण उनके परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। नया शिक्षा सत्र शुरू होने के बावजूद वे बच्चों की स्कूल फीस तक जमा नहीं कर पा रहे हैं। बच्चों के लिए नई ड्रेस और किताबें खरीदना भी मुश्किल हो गया है। कोतवाली ब्लॉक के डॉ. रियाज जैदी ने स्पष्ट कहा कि 25 मई तक कार्य बहिष्कार पूरी तरह जारी रहेगा। यदि निर्धारित समय सीमा तक मानदेय का भुगतान नहीं किया गया तो प्रांतीय संघ के निदेर्शानुसार आंदोलन को और तेज किया जाएगा। सीएचसी नगीना में दूसरे दिन धरने पर बैठने वालों में डॉ. रियाज जैदी, डॉ. नवेद इकबाल, डॉ. माज जलील शमसी, डॉ. प्रज्वल, डॉ. राहुल और डॉ. मीनाक्षी चौहान शामिल रहे। इनके साथ स्वास्थ्य कर्मी गौरव, अरुण, हितेश, दीपक, पूजा विश्नोई, स्वाति, रमनजीत कौर, अर्चना सिंह, प्रमोद देवी, शक्ति सिंह, मनीष कुमार, पीयूष कुमार, सना उल हक, मीनाक्षी, बबीता, फैजान, अभिषेक सहित समस्त एनएचएम स्टाफ धरने में मौजूद रहा।

## जिले में दो दिवसीय स्पेशल वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया : एआरटीओ

**हापुड़ (शिखर समाचार)।** शासन के निर्देश पर जिले में 21 और 22 मई को दो दिवसीय विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान परिवहन और ट्रैफिक विभाग की संयुक्त टीम ने विभिन्न स्थानों पर वाहनों की सघन जांच की। कार्रवाई में दो बसों और पांच एंबुलेंस को सस्पेंड किया गया।

इस अभियान में यातायात क्षेत्राधिकारी राहुल यादव, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) रमेश चंद चौबे, यात्रीकर अधिकारी आशुतोष उपाध्याय तथा ट्रैफिक इंस्पेक्टर नरेश कुमार समेत अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

एआरटीओ प्रवर्तन रमेश चंद चौबे ने बताया कि हापुड़ और गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पांच बसों की जांच की गई, जिनमें से दो बसें गैर-कानूनी तरीके



से संचालित पाए जाने पर सस्पेंड कर दी गईं। वहीं पांच एंबुलेंस को फिटनेस, परमिट, इंश्योरेंस और पॉल्यूशन सर्टिफिकेट निरस्त होने के कारण सस्पेंड किया गया।

अभियान के दौरान चार चालक नशे की हालत में वाहन चलाते हुए पकड़े गए। इसके अलावा हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग न करना, मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए वाहन चलाना, सड़क किनारे अवैध पार्किंग, मालवाहक वाहनों में ओवरलोडिंग तथा बिना रूट परमिट संचालन जैसे मामलों में भी कार्रवाई की गई।

अधिकारियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए नियमों का पालन करने की अपील की। एआरटीओ ने कहा कि आगे भी जिले में सघन चेकिंग अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त प्रवर्तन कार्रवाई जारी रहेगी।

## घर के आगे गाड़ी खड़ी करने से मना करने पर मारपीट, दो घायल

**जेवर (शिखर समाचार)।** जेवर क्षेत्र के गांव दयानतपुर में घर के सामने गाड़ी खड़ी करने से मना करने पर विवाद हो गया। आरोप है कि विरोध करने पर कुछ लोगों ने मारपीट कर महिला समेत दो लोगों को घायल कर दिया। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दयानतपुर गांव निवासी सूरजपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 16 मई की शाम करीब पांच बजे गांव के पंकज, रवि, राकेश और उनके साथी अभिषेक उनके घर के सामने गाड़ी खड़ी किए हुए थे। जब उन्होंने गाड़ी हटाने के लिए कहा तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और गाड़ी हटाने से इनकार कर दिया। आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी, जिसमें उनकी पत्नी आशा और बेटा घायल हो गए। दोनों घायलों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


## दो सगी बहनों ने दहेज उत्पीड़न का वीडियो वायरल कर लगाई न्याय की गुहार

**दादरी (शिखर समाचार)।** कोतवाली दादरी क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली दो सगी विवाहित बहनों ने अपने पतियों और ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न व मानसिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर न्याय की गुहार लगाई है। दोनों बहनों ने अपनी जान को खतरा बताते हुए जनप्रतिनिधियों, पुलिस प्रशासन और प्रदेश सरकार से सुरक्षा की मांग की है। जानकारी के अनुसार बागपत जनपद के एक गांव निवासी दो सगी बहनों की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व दादरी क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले दो सगे भाइयों के साथ हुई थी। अब दोनों बहनों ने एक साथ वीडियो जारी कर आरोप लगाया है कि शादी के बाद से ही उन्हें दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पति और परिजन उन्हें मानसिक रूप से परेशान कर रहे हैं तथा कई बार मारपीट भी की गई है। वीडियो में दोनों बहनों ने कहा कि उन्हें अपनी जान का खतरा है और ससुराल पक्ष किसी भी समय उनके साथ अनहोनी कर सकता है। उन्होंने समाज की 36 बिरादरियों, पुलिस प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि उनके मरने का इंतजार न किया जाए, बल्कि समय रहते उनकी पीड़ा को समझकर आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। पीड़िताओं का आरोप है कि एक बार उनमें से एक बहन की हत्या का प्रयास भी किया गया था, लेकिन दूसरी बहन ने उसे बचा लिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि घर में लगे सीसीटीवी कैमरों का सेटअप बॉक्स भी परिजन वहां से हटा ले गए, ताकि घटना के सबूत न मिल सकें। वीडियो में दोनों बहनें हाथ जोड़कर बार-बार न्याय और सुरक्षा की मांग करती दिखाई दे रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री, पुलिस कमिश्नर, जनप्रतिनिधियों और मीडिया से हस्तक्षेप कर उन्हें सुरक्षा दिलाने की अपील की है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार मिश्रा ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच की गई है। जांच के बाद दोनों भाइयों और अन्य परिजनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

## फार्म हाउस में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख


**रबूपुरा (शिखर समाचार)।** क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर रोड स्थित एक फार्म हाउस में शुक्रवार को अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की सूचना मिलते ही फार्म हाउस स्वामी गिरिराज शर्मा सहित आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आग काफी फैल चुकी थी। आग की चपेट में आने से आधा दर्जन से अधिक सोफे समेत अन्य घरेलू व सजावटी सामान जलकर राख हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और दमकल विभाग को सूचना दी। स्थानीय लोगों की मशक्कत के चलते दमकल विभाग के पहुंचने से पहले ही आग पर काबू पा लिया गया। फार्म हाउस स्वामी गिरिराज शर्मा ने बताया कि आग से उनका लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

## ढाबे पर ले जाकर मारपीट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



**गढ़मुक्तेश्वर (शिखर समाचार)।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मारपीट के मुकदमे में वांछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को ग्राम अठसेनी से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में रिहान, सलीम एवं अमीर पुत्रगण रियाज निवासी ग्राम अठसेनी, थाना गढ़मुक्तेश्वर, जनपद हापुड़ शामिल हैं। आरोप है कि अभियुक्तों ने दो लोगों को ढाबे पर ले जाकर उनके साथ मारपीट की थी, जिसके संबंध में थाना गढ़मुक्तेश्वर में मुकदमा दर्ज किया गया था। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक लोकेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक शशिपाल सिंह सहित थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस के अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

## कार में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी भीषण आग, जलकर हुई खाक



**हापुड़ (शिखर समाचार)।** थाना हापुड़ क्षेत्र के फ्रीगंज रोड पर कूड़े के ढेर के पास खड़ी एक कार में संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। जानकारी के अनुसार फ्रीगंज रोड पर ज्ञानलोक के सामने एक व्यक्ति अपनी कार को कूड़े के ढेर के पास खड़ी कर एसी चालू करके बैठा हुआ था। इसी दौरान अचानक कूड़े के ढेर में आग लग गई। आग तेजी से फैलते हुए कार तक पहुंच गई और कुछ ही देर में वाहन धू-धू कर जलने लगा। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। घटना में किसी जनहानि की सूचना नहीं है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, परिजनों ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

**गढ़मुक्तेश्वर (शिखर समाचार)।** थाना सिंभावली क्षेत्र के गांव भोवपुर मस्तान नगर निवासी शुभम गोयल पुत्र लोकेश गोयल की शादी दो वर्ष पूर्व ऋषिकेश, उत्तराखंड निवासी अदिति गर्ग पुत्री सचिन कुमार के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। बताया गया है कि एक दिन पूर्व अदिति द्वारा जहरीला पदार्थ खाने के मामले में उसे पिलखुवा स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां शुक्रवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

